दैनिक जागरण 21/05/2025

# छात्रों को पोषण और स्वास्थ्य के प्रति किया जागरूक



जीएमएन कालेज आफ नर्सिंग में कार्यक्रम के दौरान शामिल प्रतिभागी। • विज्ञप्ति

**जासं • अंबाला** : गांधी मेमोरियल नेशनल कालेज आफ नर्सिंग व जीएमएन कालेज द्वारा छात्रों में पोषण संबंधी मूल्य और दैनिक जीवन में विटामिन एवं खनिजों का महत्व विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया। डा. रुचि मित्तल, डा. सरिमा गुप्ता, डा. मेधावी सोबती, डा. मनीषा गर्ग, डा. सुमन गर्ग, डा. सरिता गुप्ता, डा. जितेंद्र, डा. यामिनी मुंजाल ने विभिन्न विषयों पर विद्यार्थियों को टिप्स बताए। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य को लेकर हर किसी को जागरूक होन चाहिए। प्राचार्य-कम-निदेशक डा. रोहित दत्त, डा. राम लखन माली ने कहा इस तरह के आयोजन विद्यार्थियों के लिए लाभप्रद हैं। जीएमएन कालेज में जीएमएम स्टार्टअप व इंक्यूबेशन सेंटर का शुभारंभ कारोबारी प्रदीप खेडड़ा ने किया। सेंटर का मकसद विद्यार्थियों को स्वरोजगार के लिए प्रेरित व तैयार करना है। अनुज अग्रवाल, कालेज गवर्निंग बाडी के प्रधान डा. गुरदेव सहित सहित अन्य मौजूद रहे।